5046
22/11/2024

प्रेषक,

सचिव,
माध्यमिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

तत्काल आवश्यक कार्यवाही करें।
जिला विद्यालय निरीक्षक
हाथरस

सेवा में,

समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक,
उत्तर प्रदेश ।

पत्रांक मा0शि0प0/सिस्टम सेल/550 दिनांक 19-11-2024

विषय : हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित एवं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा अनुमोदित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड 2024 एवं अमृत कुंभ सम्मान 2024 को उत्तर प्रदेश के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में आयोजित करवाने के संबंध में।

महोदय

उपर्युक्त विषयक कृपया शासन के पत्र संख्या–स0स–10/पन्द्रह–3–2024 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ दिनांक–05 सितम्बर 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जो विशेष सचिव श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश का पत्र संख्या–पी–4666/जी0एस0 दिनांक 13 अगस्त 2024 तथा संलग्न पत्र निदेशक,विश्वरूप एजुकेशन दिल्ली दिनांक 09 जून 2024 ( संलग्नको सहित प्रति संलग्न) द्वारा भारतीय संविधान और सामाजिक विज्ञान विषय पर आधारित ओलंपियाड में कक्षा 6 से 12 तक करने वाले विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के संबंध में है।

उक्त के संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने का कष्ट करें। जिससे शासन को कृत कार्यवाही से अवगत कराया जा सकें ।

सलग्नकः उक्तवत

भवदीय,

19/11/2024
(सरदार सिंह)
अपर सचिव(प्रशासन)

पृष्ठांकन संख्या : मा0शि0प0/सिस्टम सेल/550 (1-5) दिनांक

उक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- उप सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–3, लखनऊ।

2- महानिदेशक,स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

3- शिक्षा निदेशक (मा0), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

4- समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश ।

5- अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी एवं गोरखपुर ।

(सरदार सिंह)
अपर सचिव(प्रशासन)

संख्या– 347 /पन्द्रह–3–2024

प्रेषक,

संजय कुमार,

उप सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

शिक्षा निदेशक(मा0)

उ0प्र0 प्रयागराज/लखनऊ

माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ : दिनांक 05 सितम्बर, 2024

विषय: भारतीय संविधान और सामाजिक विज्ञान विषय पर आधारित ओलपियाड में कक्षा 6 से 12 तक पढने वाले विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के संदर्भ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विशेष सचिव, श्री राज्यपाल उ0प्र0 का पत्र संख्याः–जी–4666/जी0एस0 दिनांक 13 अगस्त 2024 तथा संलग्न पत्र निदेशक, विश्वरूप एजुकेशन, दिल्ली दिनांक 09.06.2024 (संलग्नकों सहित प्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से भारतीय संविधान और सामाजिक विज्ञान विषय पर आधारित ओलपियाड में कक्षा 6 से 12 तक पढने वाले विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया गया है।

2– अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रश्नगत प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही कर शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय,

(संजय कुमार)

उप सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

(1) निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव,माध्यमिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

(2) विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

(3) निदेशक, विश्वरूप एजूकेशन के पत्र के संदर्भ में।

(4) गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(संजय कुमार)

उप सचिव।

कृते शिक्षा निदेशक (मा0)

उत्तर प्रदेश, लखनऊ